Question Booklet Sl. No.
2200281

Total No. of Printed Pages : 7

# HINDI
**(Second Language)**

Time : 3 Hours 15 Minutes | Max. Marks : 100

**सूचनाएँ :**

1) प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

2) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।

3) प्रश्नपत्र में कुल छः भाग हैं ।

## भाग – I

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । (12×1=12)

1) आज का सूर्य कितना शीतल है । सूरज में अजीब रौनक है । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए ।)

2) औरतें गीत प्रेम से गाती हैं । (इसमें क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)

3) एक हजार नौ सौ दस । (संख्याओं में लिखिए ।)

4) हिंदी एकता ________ सूत्र में बाँधती है । (सही कारक चिह्न पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

5) माता गोदावरी तेरे तट पर साधु-संत भी जन्मे हैं ।
(रेखांकित शब्द का समास पहचानकर लिखिए ।)
A) द्वंद्व समास B) कर्मधारय समास

6) पर्यावरण की समस्या को हल कर लिया । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।)

7) अंतर्राष्ट्रीय अर्थ पहचानिए ।

A) जो विश्व के सभी देशों से जुड़ा हो ।

B) जो देश के सभी राज्यों से जुड़ा हो ।

8) अब पेशवा की आँखें खुलेंगी । (मुहावरेदार शब्द पहचानिए ।)

A) अब पेशवा

B) आँखें खुलना

9) पुजारी मंदिरों में कलश उंडेलते हैं । (लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।)

10) लड़की पाठशाला जाती है । (वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।)

11) मीनू कॉलेज गयी । (वाक्य को भविष्यत् काल में बदलकर लिखिए ।)

12) मैं मंदिर जाता है । (वाक्य को शुद्ध कीजिए ।)

## भाग – II

II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।

13) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर पहचानकर लिखिए । (5×1=5)

तमिलनाडु के रामेश्वरम की गलियों में समाचार-पत्र बेचने वाला एक निर्धन बालक एक दिन सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा भारत का राष्ट्रपति बनेगा ऐसा किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था । किन्तु उस गरीब बालक ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और लगन से यह सिद्ध कर दिखाया कि मनुष्य के लिए विश्व में कुछ भी असंभव नहीं है ।

प्रश्न :

अ) ''धनवान'' का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।

आ) ''सु'' उपसर्ग से बना शब्द पहचानकर लिखिए ।

इ) ''इक'' प्रत्यय से बना शब्द पहचानकर लिखिए ।

ई) ऐसा किसी ने सपने में भी नहीं सोचा । (इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए ।)

उ) ''मेहनत'' का पर्याय शब्द पहचानकर लिखिए ।

14) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । (5×1=5)

एक मनुज संचित करता है,
अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा
भाग्यवाद के छल से ।
नर-समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है ।

अ) मनुज क्या संचित करता है ?

A) अर्थ
B) अनाज
C) हीरे
D) मोती

अ) मनुज क्या संचित करता है ?

A) अर्थ
B) अनाज
C) हीरे
D) मोती

आ) मनुज अर्थ किस बल से संचित करता है ?

A) भुजा के
B) पाप के
C) मशीन के
D) दूसरों के

इ) दूसरा उसे किस छल से भोगता है ?

A) आशावाद
B) निराशावाद
C) भाग्यवाद
D) अपवाद

ई) नर-समाज का भाग्य क्या है ?

A) श्रम
B) भुजबल
C) धन
D) श्रम-भुजबल

उ) प्रस्तुत काव्यांश के कवि कौन हैं ?

A) दिनकर
B) पंत
C) निशंक
D) रैदास

15) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । (5×1=5)

एक दूसरे प्रकार के बड़े लोकप्रिय गाने आल्हा के हैं । अधिकतर ये बुंदेलखंडी में गाये जाते हैं । आरंभ तो इसका चंदेल राजाओं के राजकवि जगनिक माना जाता है जिसने आल्हा-ऊदल की वीरता का अपने महाकाव्य में बखान किया । पर निश्चय ही उसके छंद को लेकर जनबोली में उसके विषय को दूसरे देहाती कवियों ने भी समय-समय पर अपने गीतों में उतारा और ये गीत हमारे गाँवों में आज भी बहुत प्रेम से गाये जाते हैं ।

प्रश्न :

अ) एक दूसरे प्रकार के बड़े लोकप्रिय गाने किसके हैं ?

आ) अधिकतर आल्हा के गीत कहाँ गाये जाते हैं ?

इ) चंदेल राजाओं के राजकवि कौन थे ?

ई) जगनिक ने अपने महाकाव्य में किसकी वीरता का बखान किया ?

उ) लोकगीत निबंध के लेखक कौन हैं ?

() निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। (5)

वैज्ञानिक, भूवैज्ञानिक थे। वे अपने दोस्तों के साथ बगीचे में बैठे पानी की इस समस्या पर चर्चा कर रहे थे। कुछ देर बाद शाम ढल गयी और सभी लोग अपने-अपने घर चले गये। प्रो. दीपेश वहीं लॉन पर बैठे आकाश की ओर देखकर कुछ सोच रहे थे कि अचानक उनकी नज़र एक तारे पर पड़ी जो नाचता हुआ पृथ्वी की ओर आ रहा था।

प्रश्न :

अ) बगीचे में वैज्ञानिकों के बीच किस समस्या पर चर्चा हो रही थी ?

A) पानी की B) पैसे की

C) दूध की D) घी की

आ) सभी लोग कहाँ चले गये ?

A) दफ़्तर B) अपने-अपने घर

C) होटल D) नदी किनारे

इ) प्रो. दीपेश कहाँ बैठे थे ?

A) घर में B) लॉन में

C) पेड़ पर D) कार में

ई) प्रो. दीपेश की नज़र किस पर पड़ी ?

A) चाँद पर B) पेड़ पर

C) बादलों पर D) तारे पर

उ) "जल ही जीवन है" किस तरह का पाठ है ?

A) कहानी B) निबंध

C) पत्र-लेखन D) एकांकी

## भाग – III

सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

17) जोड़ी बनाइए । (4×1=4)

| | |
|---|---|
| अ) बिहारी | A) मातृभूमि के लिए |
| आ) मीराबाई | B) बिहारी सतसई |
| इ) डॉ. रामधारी सिंह दिनकर | C) सन् 1498 |
| ई) रमेश पोखरियाल निशंक | D) सन् 1908 |

18) निम्न जानकारी पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । (4×1=4)

भगवतशरण उपाध्याय हिंदी साहित्य के सुपरिचित रचनाकार हैं । इनका जन्म सन् 1910 में हुआ । इन्होंने कहानी, कविता, रिपोर्ताज, निबंध, बाल-साहित्य में अपनी विशेष छाप छोड़ी है । विश्व साहित्य की रूपरेखा, कालिदास का भारत, ठूँठा आम, गंगा गोदावरी आदि इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं ।

A) हिंदी साहित्य के सुपरिचित रचनाकार __________ हैं ।

B) भगवतशरण उपाध्याय का जन्म सन् __________ में हुआ ।

C) भगवतशरण उपाध्याय ने __________ में अपनी विशेष छाप छोड़ी है ।

D) भगवतशरण उपाध्याय की प्रसिद्ध रचनाएँ __________ हैं ।

## भाग – IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3 – 4 वाक्यों में लिखिए । (8×3=24)

19) वर्षा ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में तीन पंक्तियों में लिखिए ।

20) दुनिया को पावन धाम बनाने के लिए भारतवासी क्या कर सकते हैं ?

21) "गरबा" लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?

22) गोदावरी के टापुओं की क्या विशेषता है ?

23) कलाम के अनुसार आदर्श छात्र में कौन-से गुण होने चाहिए ?

24) शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में बताइए ।

25) चित्रा ने विदेश जाकर क्या किया ?

26) राजा ने अकाल की समस्या के निवारण के लिए क्या-क्या उपाय सोचे होंगे ?

## भाग – V

V. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

27) किसी एक प्रश्न का उत्तर 8 – 10 पंक्तियों में लिखिए । (1×10=10)

अ) कवि ने मेहनत करने वालों को सदा आगे रखने को क्यों कहा ? कण-कण का अधिकारी कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आ) बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में नीति-वचनों का अधिक प्रभाव होता है । बिहारी और रहीम के प्रभावशाली नीति वचनों की व्याख्या कीजिए ।

28) किसी एक प्रश्न का उत्तर 8 – 10 पंक्तियों में लिखिए । (1×10=10)

अ) त्याग, सद्भाव, मार्मिक प्रेम आदि गुणों का सुंदर चित्रण ईदगाह कहानी में मिलता है । ईदगाह कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आ) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की भूमिका पर अपने विचार लिखिए ।

## भाग – VI

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

29) किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×8=8)

अ) पिताजी की सेवा करने दो दिन की छुट्टी माँगते कक्षा अध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

आ) विद्यालय में मनाए गए वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

30) संकेत शब्दों के आधार पर निम्न दिये गये शब्दों में से सही शब्दों को चुनकर किसी एक निबंध की पूर्ति कीजिए । (16×½=8)

अ) विद्यार्थी अनुशासन :

(विद्यार्थी, देर, अनुशासन, संवर, भावी जीवन, अनुशासनहीन, महत्व, छोटी-छोटी, सूर्योदय, विद्यालय, पालन, अध्ययन, आदर, अच्छा, स्वयं, ढाल)

मनुष्य के जीवन में अनुशासन का बड़ा ही ________ है । ________ व्यक्ति पशु-तुल्य हो जाता है । विद्यार्थी जीवन ________ की नींव होती है । यदि वह नींव अनुशासनपूर्ण रही है, तो सारा जीवन ________ जाएगा । यदि इस नींव में ________ नहीं रहा, तो सारा जीवन बिगड़ने में ________ नहीं लगती ।

विद्यालय जीवन से ही ________ को अनुशासन की आदत डालनी चाहिए।
________ बातों से ही यह आरम्भ हो जाता है। विद्यार्थी को चाहिए कि वह
________ से पूर्व ही जाग जाय। वह नियमित समय पर अपने ________ पहुंचे।
विद्यालय के सभी नियमों का ________ करें। एकाग्रचित्त होकर ________ करें।
शिक्षकों का ________ करें। अपने सहपाठियों से ________ व्यवहार करें। यदि
एक बार विद्यार्थी ने कष्ट उठाकर ________ को अनुशासन में ________ ले, तो
वह अवश्य सफल हो जाएगा।

**अथवा**

आ) खेलों का महत्व :

(संघर्ष, आवश्यक, खेल, संतुलित, तथ्य, कारण, खेलों, सहयोग, प्रेरणा, कबड्डी, मैदान, कैरमबोर्ड, बैठकर, इन्डोर, दोनों, निभाते)

मानव जीवन में ________ का अपना अलग ही महत्व है। इसी महत्व के ________
प्राचीन काल में भी खेलों से जुड़े ________ मिलते हैं। वस्तुतः स्वास्थ्य और
________ जीवन के लिए ________ अति ________ होते हैं। खेल हमें
जीवन में ________ करने और समाज में ________ की भावना से कार्य करने
की ________ देते हैं। फुटबाल, ________, क्रिकेट, बेडमिन्टन, टेनिस, हॉकी
आदि वे खेल है जो ________ में खेले जाते है। इन्हें आउटडोर खेल कहते हैं। ताश,
शतरंज, ________ आदि वे खेल हैं जो किसी भवन के कमरे में ________ खेले
जाते हैं। इस प्रकार के खेलों को ________ खेल कहते हैं। उपरोक्त ________
प्रकार के खेल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका ________
हैं।